FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट दिनाँक 31-03-2025 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम व ए0एन0टी0एफ0 ऑपरेशनल यूनिट आगरा की टीम द्वारा अंतर्राज्यीय अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 03 सक्रिय तस्कर गिरफ्तार।

- **तस्करों के कब्जे से 175 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा (अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 01 करोड़ रु0) 04 मोबाइल फोन, एक अदद टाटा ट्रक व 3300 रुपये बरामद।**
  - **सक्रीय तस्कर उड़ीसा से सस्ते रेट में गांजा खरीदकर 4-5 गुना मंहगे रेट पर बेचते थे।**
  - **पकड़े गये गांजे की अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 01 करोड़ रुपये।**
  - **अवैध गांजे को कैंटर में छिपाकर अवैध तस्करी हेतु ले जा रहे थे।**
  - **उडीसा से कम कीमत पर लाकर उच्चस्तरीय कीमत पर विक्रय कर युवापीढी को बना रहे थे नशे का आदी, कर रहे थे युवापीढी का भविष्य बर्बाद।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद एवं पुलिस उपाधीक्षक ए0एन0टी0एफ0, ऑपरेशनल यूनिट आगरा के कुशल नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद एवं एएनटीएफ यूनिट आगरा की टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 03 सक्रिय तस्करों 1-जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र जलबीर सिंह निवासी बराखुर चिकसाना भरतपुर राजस्थान , 2- अर्जुन पत्र सुरेश सिंह निवासी- लधौली थाना इगलास अलीगढ, 3- धर्मेन्द्र पुत्र शंकर सिंह निवासी सैदपुर कासिमपुर थाना बल्देव मथुरा, को आरोंज मोड़ हाइवे एनएच 19 थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगणों के कब्जे से 175 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा (अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 01 करोड़ रु0) 04 मोबाइल फोन, एक टाटा ट्रक बरामद किया गया है। गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद पर मु0अ0सं0 203/2025 धारा 8/20/29/60 एन0डी0पी0एस0 एक्ट 1985 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है

पूछताछ का विवरणः-

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणों से संयुक्त रुप से व अलग-अलग पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि हम सभी लोगों का एक ग्रुप है जिसका लीडर नरेन्द्र उर्फ छोटू पुत्र कुंवरपाल सिंह निवासी लोहरा अवैरनी थाना बल्देव है। यह ट्रक नरेन्द्र ने अपने परचित से गुड्डू चौधरी के माध्यम से एग्रीमेन्ट पर ले रखा है। नरेन्द्र का परिचित व्यक्ति जो अंगुल अडीसा का रहने वाला है उसी ने हमको यह गांजा अंगुल से लदवाया है इससे पहले करीब एक माह पूर्व भी ढाई कुन्तल गांजा लेकर आये थे तथा हम लोग काफी समय से उड़ीसा से

गांजा लाकर आगरा मथुरा आदि क्षेत्र में बेचने का काम कर रहे हैं । हम लोग आपस में बातचीत फोन और व्हाट्सएप से करते हैं तथा पैसे का आदान-प्रदान नगद एवं यूपीआई के माध्यम से होता है ।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण--

1-जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र जलबीर सिंह निवासी बराखुर चिकसाना भरतपुर राजस्थान ,

2- अर्जुन पत्र सुरेश सिंह निवासी- लधौली थाना इगलास इलीगढ,

3- धर्मेन्द्र पुत्र शंकर सिंह निवासी सैदपुर कासिमपुर थाना बल्देव मथुरा

गिरफ्तारी का स्थान, दिनाँक व समय

दिनांक 31-03-2025

समय करीब 04.30 बजे,

स्थानः आरोज मोड हाइवे एनएच 19 थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद ।

बरामदगी का विवरण -

1- 175 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा (अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 01 करोड़ रु0)
2- 01 अदद वाहन टाटा ट्रक नं0 UP85Y9541
3- 04 एन्ड्रोइड मोबाइल फोन ।
4- 03 अदद आधार कार्ड, 02 अदद डी.एल, 01 अदद एटीएम ।
5- 3300 रुपये नगद ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. निरीक्षक श्री प्रदीप कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद ।
2. निरीक्षक श्री हरवेन्द्र मिश्रा ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन आगरा ।
3. उपनिरीक्षक श्री गौरव शर्मा ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन आगरा ।
4. उपनिरीक्षक श्री चमन कुमार शर्मा थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद ।
5. उपनिरीक्षक श्री रजत तोमर थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
6. उपनिरीक्षक श्री नवीन कुमार थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
7. उपनिरीक्षक श्री अरविन्द सिंह थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
8. है0का0- सुधीर कुमार ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन आगरा ।
9. है0का0- आशीष शुक्ला ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन आगरा ।
10. है0का0- लखन लाल ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन आगरा ।
11. का0- प्रेमनरायन ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन आगरा ।
12. म0का0 पूनम कुमारी ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन आगरा ।
13. का0 सुमित कुमार थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
14. का0 कौशल पाल सिंह थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
15. है0का0 चालक मुकेश कुमार एनटीएफ यूनिट आगरा जोन आगरा ।
16. का0 चालक गौरव कुमार थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद ।